# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण : डॉ जोशी

▸ **ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान विकासखंड स्तरीय आयोजन संपन्न**

**नीमच।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष म.प्र. जन अभियान परिषद, डॉ मोहनयादव के निर्देशन में शासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं प्रदेश सरकारकी लोकहितकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उदेश्यसे म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंति से 26 जनवरी 2026 तकग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत ग्रामोत्सव एवं स्वामी विवेकानंदजयंती युवा दिवस का विकासखंड स्तरीय आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में किया गया। मुख्य अतिथी प्रो डॉ संजय जोशी, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग एवं जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी श्री विनोद इक्का ने स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परामर्शदाता विनोद राठौर एवं समाजसेवी श्री प्रवीण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने स्वागत उदबोधन दिया एवं ग्रामोदय अभियान के बारे में सभी को अवगत कराया। डॉ संजय जोशी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण या विकास में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, 'मेरा विश्वास युवा पीढ़ी, आधुनिक पीढ़ी में है और उनमें से ही मेरे कार्यकर्ता निकलेंगे। यह कथन बताता है कि युवा समाज पर क्या प्रभाव डाल सकते हैं। हमारा अतीत गौरवमय अतीत रहा है। हम एक समृद्ध और श्रेष्ठ संस्कृति के संवाहक रहे हैं। पूर्व समय में जब यूरोप और अमेरिका में लोग पत्थरों से लड़ रहे थे, तब हमारा विकास और वैभव चरम पर था और आज हम पुन: मध्यकाल के पतन-पराभव से उभर कर नवीन यौवन के साथ उठखड़े ही नहीं हुए; वरन सम्पूर्ण विश्व में अपनी श्रेष्ठ विरासत की शक्ति से विकास पथ पर चल पड़े हैं। आज हमारे युवा दुनिया के कोने-कोने में अपने आध्यात्मिक मूल्य, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं कौशल के सहारे योगदान कर रहे हैं। जहाँ अनेकों जातियाँ, आतंक व ध्वंस में लगी हैं, वहीं भारत माँ के ये पुत्र सृजन में संलग्न हैं। जहाँ अन्य देश बूढ़े हो रहे हैं, वहीं हमारा यौवन खिल रहा है। परिणाम स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में भारत का यौवन सम्पूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था, राजनीति, विज्ञान, तकनीकी आदि क्षेत्रों को अपनी बलिष्ठ भुजाओं से गति प्रदान करेगा, यह तभी संभव हो सकेगा जबराष्ट्र के समग्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। युवाओं को अपनी संस्कृति, मूल्यों से परिचित करवाकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में संलग्न करवाना आज की प्रमुख आवश्यकता है।



परियोजना अधिकारी विनोद इक्का ने समाजकार्य के माध्यम से ग्रामों के विकास में योगदान देने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचाने हेतु मार्गदर्शन दिया। उद्योग विभाग के असि. मेनेजर देव भावेल, स्वास्थ्य विभाग के अर्जुन सिंह तंवर द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं बाल विवाह पर लघुनाटिका का मंचन किया गया व जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने एवं समाज कल्याण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया गया। आयोजन में परामर्शदाता मीनू त्रिपाठी, राजकुमारी चौधरी, दीपक नागदा, कपिल तिवारी, विनोद राठौर सहित सामाजिक संस्थाओ के प्रतिनिधी, प्रस्फुटन समिति सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन पवन कुमरावत ने किया एवं आभार सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट नेहा शर्मा ने किया।



# विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 8 की छात्रा का चयन

**नीमच।** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय माध्यमिक शाला गिरदोड़ा की कक्षा 8 की छात्रा लाली, पिता मोतीलाल धनगर का चयन गणित विषय के मॉडल के लिए किया गया है। छात्रा ने गणित की अवधारणाओं एल सी एम एवं एच सी एफ को रोचक एवं मनोरंजक रूप में प्रस्तुत करते हुए एक आकर्षक मॉडल तैयार किया।

यह मॉडल श्रीमती वैशाली धेसे के निर्देशन एवं विषय शिक्षक प्रशांत दधिचि के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। छात्रा के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से नीमच जिले का प्रतिनिधित्व अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता, उज्जैन में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छात्रा का चयन पूर्व में जनशिक्षा केंद्र स्तर एवं विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपरांत जिला स्तर पर हुआ है। इस अवसर पर जन शिक्षक युवराज सिंह चौहान, नितेश शर्मा, सत्यनारायण परमार (बि ई औ), योगेश कंडारा (बि आर सी नीमच) एवं जनशिक्षा केंद्र प्रभारी बी.के.बनोधा ने छात्रा को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय, जनशिक्षा केंद्र एवं जिले में हर्ष का वातावरण है।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में जिले की काजल सालवी का म .प्र .जूडो टीम में चयन



**नीमच।** 69 वी शालेय खेलकूद प्रतियोगिता अर्न्तगत राष्ट्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता 19 वर्ष बालक/बालिका वर्ग का आयोजन स्कुल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा दिनांक 30 जनवरी2026 से 03 फरवरी 2026 तक दिल्ली में किया जा रहा है। जिसमें सम्पूर्ण भारत के राज्यों की चयनीत टीमें भागलेगी इस प्रतियोगिता में म.प्र. टीम भी भाग लेगी।इस प्रतियोगिता हेतु नोडल खेल विद्यालय शा.बा.उ.मा.वि.क्र.2 नीमच नीमच में मुख्य प्रशिक्षक श्री भरत सिंह कुमावत द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कु.काजल सालवी पिता श्री मनोज सालवी (शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. नीमच) का म.प्र.जूडो टीम में चयन हुआ है तथा लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.द्वारा नोडल खेल विद्यालय नीमच शा.बा.उ.मा.वि.क्र.2 नीमच कें व्यायाम शिक्षक श्री भरत सिंह कुमावत को पुन:म.प्र.जूडो टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया है। कु.काजल सालवी चयन राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता जो कि नीमच मे दिनांक 7 से 11 नवम्बर 2025 तक आयोजित हुई थी मे अपने वजन समुह 40 कि.ग्रा. मे प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ है। इस प्रतियोगिता की तैयारी हेतु म.प्र. जूडो टीम का प्री नेशनल कोचिंग केम्प जो कि इन्दौर मे जो कि दिनांक 23 से 27 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा में भी सम्मिलित होगी। राष्ट्रीय शालेय जूडो प्रतियोगिता हेतु नीमच की कु.काजल सालवी का म.प्र.जूडो टीम में चयन होने एंव श्री भरत सिंह कुमावत म.प्र.जूडो टीम के प्रशिक्षक नियुक्त होने पर श्रीमान जिला शिक्षा अधिकारी महोदय नीमच श्री सुजानमल मांगरिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी नीमच श्रीमती सावित्री मालवीय प्राचार्य श्री ओ.पी.बंसल, श्री अनील व्यास, समस्त स्टाफ सदस्यों विभिन्न व्यायाम शिक्षकों सहीत परिजनो एंव ईष्ट मित्रों ने बधाईया प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व भी श्री कुमावत द्वारा प्रशिक्षित अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित कर चुके है।

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले की गौशालाओं में किया जा रहा है गौ-संवर्धन के लिए नवाचार

**नीमच।** जिले की 32 पंजीकृत गौशालाओं में लगभग 8000 से अधिक गौवंश है तथा इनके माध्यम से गौवंश संरक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। अब इनको गोवंश संवर्द्धन का माध्यम भी बनाया जा रहा है। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन में जिले की 9 चयनित गौशालाओं में 200 गौवंश को चिन्हित कर वैज्ञानिक विधि से उनके प्रजनन चक्र को नियंत्रित कर एक रूप में लाया गया है तथा सभी को 18 एवं 19 जनवरी को एक साथ गीर नस्ल का सेक्स सार्टेड सीमन लगाया गया हैं। उपसंचालक डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि यह प्रदेश में पहला विशेष नवाचार किया है, जो गोवंश उत्पादन न रहने से निराश्रित होकर गोशालाओ में आई है उन्हें पुन: उत्पादक बनाया जा सके। पशुपालन विभाग इसके लिए एक माह से तैयारी कर रहा है, जिसके तहत गौशालाओं तथा गौवंश का चिन्हाकन, गौवंश को पृथक बाड़े में रखने, गायों को डीवर्मिंग की गोली देकर मीनरल मीक्चर तथा पशु आहार उचित मात्रा में प्रारम्भ करवाया गया है। इसके पश्चात 9 दिन में तीन बार वैज्ञानिक विधि द्वारा जीपीजी प्रोटोकॉल के माध्यम से इस्ट्स सिन्क्रोनाईजेश किया गया है। इसके उपरान्त 10वे एवं 11वें दिन दो बार कृत्रिम गर्भाधान किया गया, ताकि गर्भधारण की दर बढ़े। डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया उक्त कार्य में गौशाला संचालकों तथा पशु चिकित्सा विभाग के अमले का सराहनीय योगदान रहा है और यदि इसके माध्यम से 50 प्रतिशत गोवंश में भी सफलता मिलती है, तो जिले की समस्त गौशालाओं में उनके संचालको से समन्वय कर, इस तकनिकी को बढ़ाया जायेगा, ताकि गौशालाओं को नस्ल सुधार के साथ-साथ गौवंश सवंर्धन का माध्यम बनाया जा सके।

### मध्यम उद्योगो को भूमि आवंटन के लिए ई.ओ.आई.आमंत्रित

**नीमच।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग को औद्योगिक प्रयोजन हेतु हस्तांतरित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नीमच के अंतर्गत ग्राम बामनबर्डी तहसील नीमच के सर्वे नं 487 रकबा 34.72 हे. और सर्वे नं 208 रकबा 4.06 हे., ग्राम अमावली महल तहसील नीमच के सर्वे नं 297 रकबा 2.98 हे. और ग्राम जगेपुर हाडा तहसील जावद के सर्वे नं 106/1 रकबा 9.22 हे. अविकसित भूमि के आवंटन हेतु केवल मध्यम उद्योगों (उद्योग जिनमें यंत्र, संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि रुपए 25 करोड़ से अधिक एवं राशि रुपए 125 करोड़ तक और वार्षिक टर्न ओवर राशि रुपए 500 करोड़ तक हो) से 30 जनवरी 2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक विभागीय वेबसाइट द्वश्चद्वह्यद्वद्व.द्द१.द्वष्ठ पर ईओआई आमंत्रित किए गए हैं, जिनका विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। भूखंडों का आवंटन मध्य प्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। आवेदित भूमि हेतु नियम में प्रावधानित आवेदन शुल्क देय होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। यह जानकारी महाप्रबंधक उद्योग नीमच श्रीमती योगिता भटनागर ने दी है।

### साइकिल, सिलाई मशीन और व्हीलचेयर वितरण के साथ डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने बढ़ाया क्लब का उत्साह

**नीमच।** इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन श्रीमती विभा सिंह की आधिकारिक यात्रा को सेवा और समर्पण के उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के विविध प्रकल्पों का क्रियान्वयन किया गया। चेयरमैन श्रीमती सिंह ने क्लब की सक्रियता देख इसे 'पीड़ित मानवता का सेवा मंदिर' करार दिया। चेयरमैन की यात्रा का आगाज रोटरी डायमंड पार्क में भव्य स्वागत और पौधारोपण से हुआ। सेवा का कारवां इसके बाद ग्राम खड़ावदा पहुँचा, जहाँ प्राथमिक विद्यालय में हैंड वॉश यूनिट का लोकार्पण हुआ। क्लब ने यहाँ बच्चों को स्कूल शूज के साथ-साथ 7 साइकिल, म्यूजिक सिस्टम, टीवी और बैठने के लिए दरी-टाटपट्टी प्रदान की। वहीं, कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 को 'हैप्पी स्कूल' घोषित करते हुए सभी छात्राओं को जूते वितरित किए गए।

# नीमच में गिलियन-बैरे सिंड्रोम से हड़कंप

▸ **2 बच्चों की मौत के बाद जागा प्रशासन, संक्रमितों की संख्या पहुंची 17**

**नीमच। जिले में गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) को लेकर हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। मनासा कस्बे में हुई दो बच्चों की मौत के बाद अब नीमच शहर में भी इस बीमारी के संदिग्ध मामले सामने आने लगे हैं, जिससे आमजन में चिंता बढ़ गई है। नीमच शहर की चावला कॉलोनी और बगीचा नंबर- 13 क्षेत्र से जीबीएस से मिलते-जुलते लक्षणों वाले मामलों की जानकारी मिली है। अभी जिले में करीब 17 लोग संक्रमित बताए जा रहे हैं। इनमें 16 मनासा व 1 नीमच शहर में संक्रमित शामिल है।**

नीमच जिले के मनासा कस्बे में गिलियन- बैरे सिंड्रोम का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक इस बीमारी से दो बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि कुल 17 लोग संक्रमित बताए जा रहे हैं। इनमें से 15 मरीज नाबालिग हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। संक्रमितों में 4 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि केवल दो वयस्क मरीज ही इस बीमारी की चपेट में आए हैं। बच्चों में तेजी से फैल रहे संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है।

सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल ने बताया कि नीमच के बगीचा नंबर- 13 निवासी 65 वर्षीय गुलाब सिंह जादौन के जीबीएस से पीड़ित होने की पुष्टि ने स्थिति को और चिंताजनक बना दिया है। परिजनों के अनुसार गुलाब सिंह जादौन 25 दिसंबर से बीमार चल रहे थे। 31 दिसंबर को उदयपुर में जांच के दौरान जीबीएस की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान उन्हें अब तक आईवीआईजी के 25 इंजेक्शन लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में उनका उपचार एक निजी चिकित्सालय में जारी है और वे फिजियोथैरेपी भी ले रहे हैं।

सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल ने बताया कि नीमच सिटी के वार्ड क्रमांक- 1 स्थित चावला कॉलोनी में जीबीएस का एक संदिग्ध मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कॉलोनी का 19 वर्षीय युवक 29 दिसंबर से उदयपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टरों ने युवक की स्थिति को जीबीएस का संभावित मामला बताया है।

सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल ने बताया कि मनासा ब्लॉक में सामने आए जीबीएस मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच और उपचार तुरंत शुरू किया गया है। नीमच शहर में भी संभावित मामलों को देखते हुए जिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही कर ली गई हैं। जीबीएस के इलाज में उपयोग होने वाला आईवीआईजी इंजेक्शन जिला अस्पताल में उपलब्ध है।

# नीमच जिले की शासकीय स्वास्थ सुविधाओं की दुर्दशा का ज़िम्मेदार कौन : जाजू

▸ **डाक्टर सम्पत स्वरूप जाजू, पूर्व विधायक नीमच**

**नीमच। पूर्व विधायक डाक्टर सम्पत स्वरूप जाजू ने एक बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की वर्षो पूर्व हुई स्वीकृत स्वास्थ की योजनाओं का नीमच जिले में धरातल पर क्रियान्वयन नहीं होना चिंताजनक है!**

डाक्टर जाजू ने कहा कि कौन जिम्मेदार लोग है जो जिले की स्वास्थ योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार पा रहे है क्या प्रदेश को दिशा देने वाले जिम्मेदार ने अपना दायित्व और कर्तव्य निर्वहन किया

डाक्टर जाजू बताया की केंद्र सरकार ने नीमच जिले की स्वास्थ सुविधाओं के उन्नयन कर जिले के लोगो को त्वरित और पुख्ता चिकित्सा मिले के लिए वर्ष 2019 के नवंबर माह में चिकित्सा महाविद्यालय स्वीकृत किया था उसके पहिले केंद्र सरकार ने नीमच जिला चिकित्सालय में ट्रामा सेंटर स्थापित कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना स्वीकृतियों की थी ! चिकित्सा महाविद्यालय के बाद केन्द्र सरकार ने नीमच जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये राशि आवंटित कर दी थी वही नर्सिंग कॉलेज की स्वीकृति प्रदान की ! जिले के प्रसूति वार्ड मे प्रसूति करवाने आयी महिलाओ व उनके परिजनों सै आयेदिन अवैध वसूली होती है कई बार प्रसूती महिलाओ की अकाल मृत्यु तक हो जाती है हड्डी विभाग मे आयुष्मान योजना के अंतर्गत भर्ती मरीजों से समान उपलब्ध नहीं होने से सब समान बाहर सै मांगवाया जाता है जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य जिम्मेदार कोइ कारवाही नहीं करते है कोइ जवाब देते है

डाक्टर जाजू कि क्या कारण है कि छह (6) वर्षों पूर्व चिकित्सा महाविद्यालय जिस उद्देश्य से स्वीकृत किया गया था उसका लाभ धरातल पर कहीं भी नही मिल रहा है !

आज भी जिला चिकित्सालय दशकों से रेफरल चिकित्सालय के रूप अपनी पहचान को बनाए हुए है !

जिला चिकित्सालय में मानव संसाधन की कमी वर्षों से चल रही है जिसके लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियो को जिनको जनता ने विश्वास के साथ लगातार समर्थन दिया जनता की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरे और लगातार जनता की समस्याओं की उपेक्षा कर रहे हैं।

# नीमच जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए उपयुक्त वातावरण एवं सुविधाएं हैं : कलेक्टर

▸ **कलेक्टर ने किया नव उद्यमियों से जिले में निवेश का आव्हान**



**नीमच। जिला स्तद्धरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा निर्यात प्रोत्साहन समिति तथा निवेश प्रोत्साहन संबंधी बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

बैठक में महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती योगिता भटनागर ने अवगत कराया, कि सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग को औद्योगिक प्रयोजन हेतु हस्तांतरित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र नीमच के अंतर्गत ग्राम बामनबर्डी तहसील नीमच के सर्वे नं 487 रकबा 34.72 हे. और सर्वे नं 208 रकबा 4.06 हे. ग्राम अमावली महल तहसील नीमच के सर्वे नं 297 रकबा 2.98 हे. और ग्राम जगेपुर हाडा तहसील जावद के सर्वे नं 106/1 रकबा 9.22 हे. अविकसित भूमि के आवंटन हेतु केवल मध्यम उद्योगों (उद्योग जिनमें यंत्र, संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि रुपए 25 करोड़ से अधिक एवं राशि रुपए 125 करोड़ तक और वार्षिक टर्न ओवर राशि रुपए 500 करोड़ तक हो) से 16.01.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से 30.01.2026 अपरान्ह 05.00 बजे तक विभागीय वेबसाइट पर ईओआई आमंत्रित किए गए हैं।

जिनका विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त माह फरवरी 2026 में औद्योगिक क्षेत्र मोरका में आवंटन हेतु उपलब्ध भूखंडों की जानकारी भी दी गई।

कलेक्टर चंद्रा ने बैठक में जिले में निवेश हेतु इच्छुक नव उद्यमियों तथा उद्योग संघ सदस्यों को जिले में नवीन उद्योगों के स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया और जिले के निवेश मित्र माहौल यथा लैंड बैंक की उपलब्धताए उद्योग स्थापना हेतु बुनियादी अधोसंरचनाए जल की उपलब्धताए कच्चे माल की उपलब्धता के दृष्टिगत अधिक से अधिक नवीन उद्योग स्थापना का आव्हान किया।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन महाप्रबंधक उद्योग योगिता भटनागर, सचिव उद्योग संघ श्री अनीष नागौरी, अध्यक्ष मंडी व्यापारी संघ श्री राकेश भारद्वाज, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती हर्ष गट्टानी, नंदकिशोर पाटीदार, गौरव चौहान, लघु उद्योग भारती, अशोक कोठारी, अजय लसोड, जीत किलेवाला, अभिमन्यु चोरडिया तथा श्रम विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, विद्युत विभाग, मंडी समिति प्रतिनिधि तथा नव उद्यमी और इच्छुक निवेशक उपस्थित थे।




# जिला प्रशासन की टीम ने किया 106 मांस विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन में जिले में माँस विक्रेताओं की दुकानों पर पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा स्थानीय निकाय की टीम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित चिकन, मटन, फिश वेण्डर्स के यहाँ निरीक्षण कर, स्वच्छता के स्तर का परीक्षण किया गया। इस दौरान जहाँ स्वच्छता का स्तर औसत पाया गया, उन्हें निर्देशित किया गया, कि स्वच्छता के मापदण्डों का पालन करें।

उपसंचालक डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि 18 जनवरी को मनासा में मांस विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डा.आर.के.खद्योत एवं नगरपरिषद स्वच्छता निरीक्षक लोकेन्द्र साधु के साथ संयुक्त रूप से कर, माँस विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए है। नीमच जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विभिन्न मांस दुकानों का पशु चिकित्सा विभाग के अमले द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु टीमों का गठन कर, 106 दुकानों का निरीक्षण किया गया है। जहाँ-जहाँ स्वच्छता का स्तर मानकों के अनुरूप नहीं पाया, उनको सुधार हेतु चेतावनी दी गई है।

# बसंत पंचमी पर विवाह मुहूर्त नहीं, परंपरा में बदलाव

▸ **शुक्र का तारा अस्त होने से इस साल बसंत पंचमी पर कोई शुभ कार्य नहीं होंगे**

**नीमच।** प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर देशभर में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य किए जाते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष बसंत पंचमी पर विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। 23 जनवरी को आने वाली बसंत पंचमी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र, परिघ योग तथा कुंभ के उपरांत मीन राशि में चंद्रमा की साक्षी में रहेगी। धर्मशास्त्र के अनुसार, शुक्र या गुरु का तारा अस्त होने पर विवाह जैसे संस्कार वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण इस बार बसंत पंचमी पर विवाह का मुहूर्त नहीं बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित शैलेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। इसी दिन खटवांग जयंती और तक्षक पंचमी का भी संयोग रहता है। सामान्यत: इस तिथि को विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य शुभ माने जाते हैं, किंतु शुक्र तारा अस्त होने



से इस बार ये उपक्रम संभव नहीं होंगे। आमतौर पर पूरे भारत में बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर मांगलिक कार्यों की परंपरा रही है, लेकिन इस बार परिस्थितियां भिन्न हैं। बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन ज्ञान, संगीत और कला की साधना के लिए विशेष पूजा की जाती है। पीले वस्त्र, पीले फूल, बूंदी के लड्डू, मालपुआ, खीर और पीले चावल अर्पित किए जाते हैं। बसंत ऋतु के आगमन के प्रतीक इस पर्व पर वैष्णव मंदिरों में फाग महोत्सव की शुरुआत भी होती है, जहां भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है।

**एक नजर** ▸ **कलेक्टर की अध्यक्षता में सी.एस.आर. कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न**

# सीएसआर मद को विभागों से समन्वय कर बेहतर उपयोग करें : कलेक्टर

**नीमच।** कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक में समस्त सीएसआर इकाईयों ने वर्ष 2025-26 में सीएसआर मद से किये गये कार्यो की जानकारी दी व शेष वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित सीएसआर प्लान तथा मद में उपलब्ध बजट की समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। इकाईयों द्वारा सीएसआर मद से किये गये कुछ उल्लेरखनीय कार्य जैसे सभी इकाईयों द्वारा मिशन बेंचमार्क अंतर्गत शासकीय स्कूलों में फर्नीचर प्रदाय, विक्रम सीमेंट खोर द्वारा वोकेशनल ट्रेनिंग, नैत्र जांच शिविरों का आयोजन करने तथा इकाई ग्रीनको द्वारा लोकल एरिया डेवलोपमेंट अंतर्गत अधोसंरचना कार्यो की कलेक्टर ने सराहना की।

बैठक में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने सभी सीएसआर इकाईयों को उपलब्ध सीएसआर बजट के बेहतर उपयोग हेतु संबंधित विभागों से समन्वाय कर कार्य संपादन हेतु निर्देश दिये, ताकि कार्यो का दोहरीकरण न हो व सार्थक उपयोग हो सके। कलेक्टर ने इकाईयों द्वारा चलाये जा रहे जल मंदिरों के पानी की निरंतर जांच कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में टाटा सोलर पॉवर के प्रतिनिधि को सी.एस.आर.अंतर्गत किये जा रहे व्यय की मदवार जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये।

सभी इकाईयों को श्री चंद्रा ने निर्देश दिए गए, कि सीएसआर मद से मुख्यत: बुनियादी ढ़ाचा निर्माण कार्य जैसे सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाडी व स्कूल भवन निर्माण कार्य एवं दिव्यांगजनों व वंचित वर्गो को स्वारोजगार से जोड़ने के कार्यो को प्राथमिकता दें व ऐसे कार्य करें, जिससे अधिक से अधिक लोकहित जुडा हो।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, महाप्रबंधक उद्योग योगिता भटनागर, जिला अधिकारीगण एवं सभी सी.एस.आर. इकाईयां अल्ट्रायटेक सीमेंट खोर, अडानी विलमार भाटखेड़ा, धानुका ग्रुप नीमच, एमएस सोलवेक्स, जमुनियाखुर्द, ग्रीनको प्रा.लि.टाटा सोलर पावर प्रा.लि. के प्रतिनिधि उपस्थित थे।